Dainik Bhaskar 05.10.2022

हरियाणा की संस्कृति को धरोहर के रूप में संजोकर रखेगा महिला विवि : प्रो सुदेश

बीपीएस महिला विवि में सांझी उत्सव आयोजित, छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज़ | गोहाना

बीपीएस महिला विवि में मंगलवार को सांझी उत्सव का आयोजन किया गया। महिला विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च व पानीपत स्थित प्रतिष्ठा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. सुदेश ने बतौर मुख्य अतिथि किया। कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक विशिष्ट अतिथि रहीं। इस उत्सव में सांझी प्रतियोगिता व अन्य कला प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, जिनमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

छात्राओं द्वारा बनाई गई सांझी का अवलोकन करती कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सांझी का त्योहार विष्णु पुराण के समय से मनाया जा रहा है। सांझी हमारी संस्कृति का प्रतीक है। हरियाणा की संस्कृति को धरोहर के रूप में महिला विवि में संजोकर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति इतनी विशाल व शानदार है कि हम उसे हमेशा जीवित रखने का प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए अपनी संस्कृति को भी संजोकर रखना है। इस तरह के कार्यक्रमों से ही एक समूह के रूप के साथ ही नए-नए काम करने की प्रेरणा भी मिलती है। वहीं प्रतिष्ठा संस्थान की निदेशक डॉ. गुंजन ने कहा कि समाज के लिए काम करना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने समाज को किस प्रकार ऊंचा उठाया जाए, इसके बारे में सभी को सोचना चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. सुमन दलाल के अनुसार इस उत्सव में आयोजित सांझी प्रतियोगिता में 21 व अन्य कला प्रदर्शन में 8 टीमों ने भाग लिया। सांझी प्रतियोगिता में नेहा एवं ग्रुप प्रथम, नीतू एवं ग्रुप द्वितीय व निकिता एवं ग्रुप रहे। विजेताओं को कुलपति प्रो. सुदेश ने सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रो. अशोक वर्मा व डॉ. प्रदीप मलिक ने निभाई। इस मौके पर प्रो. श्वेता हुड्डा, डॉ. प्रिया ढींगरा, डॉ. रीना, डॉ. सरला, डॉ. मोनिका व डॉ. अन्नू बलहारा भी मौजूद रहे।

फसल विविधीकरण के लिए

बिजली निगम के फीडर की लाइन से